ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, गुरूवार 19 मार्च 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 302


## तेल युद्ध का असर: ग्लोबल झटके से भारत में महंगाई का अलार्म, पेट्रोल-डीजल 15 रुपए तक महंगे होने के संकेत




**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को झकझोर दिया है। ईरान की ओर से खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा ठिकानों पर हमलों के बाद 19 मार्च को कच्चे तेल और नेचुरल गैस की कीमतों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस दोनों में करीब 30% तक तेजी ने दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं को चिंता में डाल दिया है। सबसे बड़ा असर भारत पर पड़ने की आशंका है, जहां कच्चे तेल की कीमतें युद्ध के बाद तेजी से बढ़ते हुए 146 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुकी हैं। यदि यही स्थिति बनी रहती है, तो आने वाले दिनों में देश में पेट्रोल-डीजल के दाम 10 से 15 रुपए तक बढ़ सकते हैं। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85% कच्चा तेल और आधे से ज्यादा प्राकृतिक गैस आयात करता है। ऐसे में खाड़ी क्षेत्र में हर हलचल सीधे आम आदमी की जेब और देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। भारत इराक, सऊदी अरब, रूस और यूएई जैसे देशों से तेल खरीदता है, जिनकी कीमतों के औसत को 'इंडियन बास्केट' कहा जाता है।

### आम आदमी पर सीधा असर

कच्चे तेल की कीमतों में उछाल का सबसे पहला असर पेट्रोल, डीजल और एलपीजी पर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड भी 73 डॉलर से बढ़कर 114 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है। तेल कंपनियां फिलहाल अपने मार्जिन घटाकर कीमतों को संभाल रही हैं, लेकिन लंबे समय तक ऐसा संभव नहीं होगा। यदि अगले कुछ हफ्तों तक कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं, तो सरकार को ईंधन के दाम बढ़ाने पड़ सकते हैं।

महंगाई की दूसरी लहर का खतरा तेल महंगा होने का असर केवल ईंधन तक सीमित नहीं रहेगा। डीजल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ेगी, जिससे फल, सब्जी, अनाज और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम भी चढ़ेंगे। पेंट, प्लास्टिक, उर्वरक और दवाइयों जैसे उत्पाद भी महंगे हो सकते हैं, जिससे आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगड़ने की आशंका है। इस संकट का असर यूरोप में और ज्यादा तीखा दिखाई दे रहा है। डच टीटीएफ गैस बेंचमार्क में एक समय 30% तक उछाल आया और कीमतें 70 यूरो तक पहुंच गईं। वहीं ब्रिटेन में थोक गैस की कीमतें 140% तक बढ़ चुकी हैं, जो पिछले दो साल के उच्चतम स्तर पर हैं।

### सप्लाई पर दोहरा झटका

ऊर्जा संकट के पीछे दो बड़ी वजहें सामने आई हैं। पहली, कतर के रास लफ्फान एलएनजी प्लांट को नुकसान, जो दुनिया की करीब 20% गैस सप्लाई संभालता है। दूसरी, फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला रणनीतिक मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज लगभग ठप हो जाना। करीब 167 किलोमीटर लंबा यह समुद्री रास्ता दुनिया के 20% पेट्रोलियम सप्लाई का प्रमुख मार्ग है। भारत अपनी जरूरत का करीब आधा कच्चा तेल और 50% से ज्यादा एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। मौजूदा हालात में यहां से जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है, जिससे सप्लाई चेन पर गंभीर असर पड़ा है।

### क्या कहती है सरकार

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने फिलहाल देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुरक्षित बताया है, लेकिन संकेत साफ हैं—अगर वैश्विक हालात जल्द नहीं सुधरे, तो महंगाई की नई लहर देश के दरवाजे पर दस्तक दे सकती है।

## 'एयरोप्लेन' चावल वाली कंपनी का IPO 24 मार्च को खुलेगा: प्राइस बैंड 201-212 तय; 27 मार्च तक निवेश का मौका, लिस्टिंग 2 अप्रैल को होगी




**24 न्यूज अपडेट**

एयरोप्लेन ब्रांड से बासमती चावल बेचने वाली कंपनी अमीर चंद जगदीश कुमार एक्सपोर्ट्स का आईपीओ 24 से 27 मार्च तक खुला रहेगा। कंपनी ने इस इश्यू के लिए 201 से 212 प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। कंपनी का प्लान 440 करोड़ जुटाने का है।

कम से कम 14,840 का निवेश करना होगा

कंपनी ने आईपीओ के लिए 70 शेयरों का लॉट साइज तय किया है। यानी ऊपरी प्राइस बैंड 212 के हिसाब से निवेशकों को कम से कम 14,840 का निवेश करना होगा।

50% हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) के लिए, 15% नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) के लिए और 35% हिस्सा रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व रखा गया है।

## राजस्थान रोडवेज को मिली नई रफ्तार: 207 बसों की सौगात, गांव से शहर तक सफर होगा आसान




**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर। जयपुर में राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेश की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अजमेर रोड स्थित हीरापुरा बस टर्मिनल से राजस्थान रोडवेज की 207 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को सुरक्षित, सुलभ और आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। नई बसों के जुड़ने से यात्रियों को अधिक आरामदायक सफर मिलेगा और रोडवेज नेटवर्क को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि सरकार लगातार रोडवेज के बेड़े का विस्तार करने के साथ सेवाओं को आधुनिक बनाने पर भी जोर दे रही है। उप मुख्यमंत्री बैरवा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर परिवहन सुविधा पहुंचाना है। नई बसों के संचालन से उन इलाकों में भी आवागमन आसान होगा, जहां अब तक सीमित साधन उपलब्ध थे। इससे शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और व्यापार से जुड़े लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) के बेड़े में शामिल इन 207 बसों में 100 ब्लूलाइन एक्सप्रेस, 79 स्टार लाइन और 28 नई एसी बसें शामिल हैं। इन सभी बसों को अलग-अलग रूटों पर संचालित किया जाएगा, जिससे यात्रियों को अधिक विकल्प और बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी।

## देशभर में नवरात्रि उत्सव-देवी मंदिरों में भीड़



**24 न्यूज अपडेट**

देशभर में नवरात्रि का उत्सव मनाया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर के कटरा में बारिश के बीच भक्त दर्शन करने पहुंचे। वहीं यूपी में भी बड़े मंदिरों में भीड़ नजर आ रही है। उधर महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा उत्सव मनाया जा रहा है। नागपुर में सीएम देवेंद्र फडणवीस भी हिंदू नव वर्ष के कार्यक्रम में शामिल हुए। उधर पीएम ने देशवासियों को नवरात्रि और नव वर्ष पर 9 अलग-अलग तरह से पोस्ट कर बधाई दी। आज से चैत्र नवरात्रि शुरू हो गई है। नवरात्रि 19 से 27 मार्च तक रहेगी। पहले दिन घट स्थापना के लिए 8 मुहूर्त रहेंगे। वसंत ऋतु में आने से इसे वासंती नवरात्र भी कहते हैं। हिंदू नववर्ष के साथ शुरू होने के कारण ये साल की पहली नवरात्रि होती है।

## शेयर बाजार में 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट: सेंसेक्स 2497 अंक गिरकर 74,207 पर आया, निफ्टी 776 अंक टूटा; बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में ज्यादा बिकवाली




**24 न्यूज अपडेट**

शेयर बाजार में आज यानी 19 मार्च को 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट रही। सेंसेक्स 2497 अंक (3.26%) गिरकर 74,207 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 776 अंक (3.26%) की गिरावट रही, यह 23,002 पर आ गया है। बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में आज सबसे ज्यादा बिकवाली रही। इससे पहले 4 जून 2024 को सेंसेक्स 5.74% गिरा था।

जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है।

## अवैध मैरिज गार्डन पर बड़ी कार्रवाई: 30 हजार स्क्वायर फीट की गुरुदयाल वाटिका सीज, निगम का सख्त संदेश



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर नगर निगम ने नियमों की अनदेखी कर संचालित हो रहे मैरिज गार्डनों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए ब्रह्मपोल-अंबापोल क्षेत्र में स्थित गुरुदयाल वाटिका को सीज कर दिया। करीब 30 हजार वर्गफीट क्षेत्र में फैली इस वाटिका पर बिना वैध लाइसेंस संचालन के चलते कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर राजस्व शाखा की टीम ने मौके पर पहुंचकर परिसर को आगामी तीन माह या अगले आदेश तक पूरी तरह सील कर दिया। निगम ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई राज्य सरकार की गाइडलाइन और 'विवाह स्थल उपविधि 2010' के उल्लंघन के कारण की गई है।

### बार-बार चेतावनी के बावजूद नहीं माने संचालक

निगम की ओर से वाटिका संचालक औचतर लाल सनाढ्य को पूर्व में कई बार नोटिस जारी किए गए थे। 12 जुलाई 2024, 19 नवंबर 2025 और 9 दिसंबर 2025 को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि बिना अनुमति कोई आयोजन न किया जाए। यहां तक कि 31 दिसंबर 2025 के बाद नए मांगलिक कार्यक्रमों की बुकिंग पर भी रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद फरवरी 2026 में भी वाटिका में आयोजन किए गए, जिसके साक्ष्य के रूप में निगम के पास फोटोग्राफ उपलब्ध हैं। इसी आधार पर अब सख्त कार्रवाई की गई।

### सड़क की चौड़ाई भी बनी कार्रवाई का कारण

जांच में सामने आया कि वाटिका जिस मार्ग पर स्थित है, उसकी चौड़ाई मात्र 40 फीट है, जबकि नियमों के अनुसार विवाह स्थल के लिए न्यूनतम 60 फीट चौड़ा रास्ता अनिवार्य है। इस आधार पर भी वाटिका को अवैध घोषित किया गया।

### तीन माह तक रहेगा सीज

निगम टीम ने मौके पर सीजर नोटिस चस्पा करते हुए स्पष्ट किया कि बिना लिखित अनुमति के परिसर में प्रवेश या किसी भी प्रकार का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेश की अवहेलना करने पर संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## चांदी 20 हजार गिरकर 2.30 लाख पर आई: 5 दिन में ये 38 हजार गिरी, सोने की कीमत आज 8 हजार घटकर 1.48 लाख हुई



**24 न्यूज अपडेट**

सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 19 मार्च को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, एक किलो चांदी की कीमत 20 हजार रुपए घटकर 2.30 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2.50 लाख रुपए किलो थी।

वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 8 हजार रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 18 मार्च को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10G था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 5 कारोबारी दिन में 13 हजार और चांदी 38 हजार सस्ती हुई है।

## उदयपुर में दोहरे हत्याकांड का खुलासा: 5 दिन में 7 आरोपी गिरफ्तार, तीन नाबालिग पहले ही डिटेन

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर जिले के बाघपुरा थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने महज 5 दिनों में खुलासा करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले मामले में 3 बाल अपचारियों को डिटेन कर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया जा चुका है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल और वृताधिकारी विवेकसिंह (वृत झाड़ोल) के सुपरविजन में थानाधिकारी वेलाराम के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने प्रकरण संख्या 44/2026 में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### घटना कैसे हुई

घटना 13 मार्च की रात की है, जब प्रार्थी आशीष अपने रिश्तेदार भैरूलाल और दोस्त सुखलाल के साथ मोटरसाइकिल से सेलाणा जा रहे थे। रास्ते में घाटी क्षेत्र के पास 10-12 बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। मामूली कहासुनी के बाद आरोपियों ने चाकू, तलवार और लाठियों से हमला कर दिया। हमले में सुखलाल उर्फ सुरेश और भैरूलाल की मौके पर ही गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई, जबकि सुमित नामक युवक को भी टक्कर मारकर घायल कर दिया गया। घायल सुमित को बाद में उदयपुर रेफर किया गया।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

घटना के बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित कर लगातार दबिश दी और 5 दिनों के भीतर 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में कई अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

### गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में कन्हैयालाल उर्फ करण, अभिषेक, जितेन्द्र, हरीश, इमान वेल उर्फ हिमांशु, मनीष और पंकज उर्फ पंकु शामिल हैं, जो उदयपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी हैं।

पुलिस टीम की भूमिका

इस कार्रवाई में थानाधिकारी वेलाराम के नेतृत्व में प्रवीण कुमार, राजेश मेहता, रमेशचंद्र, भैरूलाल, गोपाल, मोटाराम, जितेंद्र सहित अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।

## संपादकीय : लापरवाही की आग

दिल्ली में अनियोजित विकास की आपाधापी में जिस तरह से नियमों को धता बताया जाता रहा है, उसका नतीजा बार-बार किसी हृदयविदारक हादसे के रूप में सामने आता है । राजधानी के पालम इलाके की एक रिहाइशी इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। कुछ लोग बच गए, लेकिन बुरी तरह झुलसे हैं। बताया जा रहा है कि घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में शार्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। उस इमारत में भूतल और पहली मंजिल पर कपड़े और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें थीं, जिससे आग मिनटों में फैली घर की बनावट ऐसी थी कि फंसे लोगों को बचाने की कोशिश नाकाम रही। साथ ही, मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों के खराब उपकरणों के कारण बचाव कार्य में देरी हुई। अगर विभाग की हाइड्रोलिक प्रणाली समय पर काम करती, तो कुछ लोगों की जान बचाई जा सकती थी । इस अग्निकांड से कई पुराने सवाल उठ रहे हैं, जिन पर अक्सर चर्चा होती है और नतीजा सिफर रहता है। इस हादसे में सुरक्षा नियमों की अनदेखी और विफलता के सवाल अहम हैं। दिल्ली में ऐसी कई इमारतें हैं, जो मिश्रित आवासीय - व्यावसायिक हैं। अवैध कालोनियों में नियमों के अनुपालन की उम्मीद करना बेमानी है। राजधानी में अधिकांश जगहों की यही तस्वीर है। ऐसी जगहों पर किसी भी तरह का हादसा होने पर बचाव कार्य में प्रायः दिक्कत होती है। संकरी गलियों के कारण आग लगने पर दमकल गाड़ियां पहुंचने में समय लेती हैं। अनियोजित बस्तियों में आपातकालीन सेवाओं के प्रभावी ढंग से काम करने की अक्षमता कई बार उजागर हुई है। पालम में भी यह स्थिति दिखी । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इस तरह के इलाकों में आग लगने की घटनाओं की कई बार भयावह तस्वीरें सामने आई हैं। दो साल पहले विवेक विहार के एक अस्पताल में आग लगने से आठ शिशुओं की मौत हो गई थी। ऐसी सैकड़ों घटनाएं दर्ज की गई हैं। अक्सर, इमारतों में अग्नि सुरक्षा संबंधी इंतजाम नहीं होते। विद्युत प्रणालियां दोषपूर्ण होती हैं या भवन निर्माण संबंधी नियमों का उल्लंघन होता है। ऐसे हादसों में अक्सर प्रशासनिक उदासीनता, नगर निकायों में भ्रष्टाचार और विकासकर्ताओं तथा अधिकारियों के बीच सांठगांठ के तथ्य सामने आते हैं। सवाल उठता है कि आगे का रास्ता क्या हो ? अधिकारियों को चाहिए कि वे आपदाओं के बाद नोटिस जारी करने से आगे बढ़कर सभी क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। दिल्ली में जनसंख्या घनत्व को देखते हुए, संकरी गलियों में अग्निशमन सेवाओं की पहुंच में सुधार और विद्युत अवसंरचना का उन्नयन आवश्यक है। पालम में जिस तरह की इमारत थी, वैसे भवनों के लिए अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अनिवार्य किया जाना चाहिए। किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि भविष्य के लिए ठोस इंतजाम किए जाएं। दिल्ली सरकार ने अग्नि सुरक्षा आडिट की बात दोहराई है। जरूरी है कि काम धरातल पर दिखे। विडंबना यह है कि दिल्ली में आए दिन किसी न किसी इलाके में आग लगने और उसमें भारी नुकसान की खबरें आती रहती हैं, हादसे के बाद तमाम एजेंसियां खानापूर्ति करती हैं और नतीजा ढाक के तीन पात रहता है।

## सुरक्षा के सवाल

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसका उद्देश्य यही है कि बढ़ते वायु प्रदूषण का मुकाबला किया जाए और पेट्रोल एवं डीजल पर निर्भरता भी कम हो। इसीलिए सार्वजनिक परिवहन में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जा रहा है। कम खर्च में चलने और एक बेहतर विकल्प होने के कारण भी लोग ऐसे वाहनों को धीरे-धीरे अपनाने लगे हैं। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नई तकनीक के जहां फायदे होते हैं, वहीं इसमें कई स्तरों पर जोखिम भी छिपे होते हैं। बिजली से चलने वाले वाहनों में तकनीकी गड़बड़ियों और आग लगने की घटनाओं से अब कई सवाल उठने लगे हैं। इंदौर में बुधवार तड़के एक इलेक्ट्रिक कार को चार्ज किए जाने के दौरान धमाके के बाद इमारत में आग लगने से आठ लोगों की मौत की घटना ने सचेत किया है कि क्या ये वाहन सुरक्षित हैं ? गौरतलब है कि मकान के बाहर कार को चार्ज किए जाने के दौरान 'चार्जिंग प्वाइंट' में विस्फोट हुआ। इसके बाद आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। कोई दो मत नहीं कि आग लगने की ऐसी घटनाओं से उन लोगों का विश्वास कमजोर होगा जो पेट्रोल की गाड़ियों को छोड़ कर इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने का मन बना रहे हैं। यह उचित ही है कि विशेषज्ञों की एक समिति से इंदौर अग्निकांड की जांच कराई जाएगी। इसका जो भी निष्कर्ष सामने आए, लेकिन इससे स्पष्ट होगा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और इसके संचालन में कहां कमी रह गई। सवाल है कि ऐसे वाहनों के इस्तेमाल और सुरक्षा के लिए कोई मानक संचालन प्रक्रिया अब तक क्यों नहीं अपनाई गई ? इसके बारे में पहले से लोगों को क्यों नहीं बताया जाता। आखिर गलियों में या घरों के सामने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए लोग क्यों मजबूर है। यह निराशाजनक ही है कि सड़कों के किनारे और रिहाइशी इलाकों में जगह-जगह पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशन अभी तक नहीं बनाए जा सके हैं। ऐसे में बिजली से चलने वाले वाहनों को सड़कों पर उतार देने भर से उत्सर्जन कम करने या तेल पर निर्भरता घटाने का लक्ष्य पूरा नहीं होगा ।

# अमृता-काल में चेन स्नेचरों ने खोला खाता, सुखेर में 75 वर्षीय महिला से सरेराह चेन छीनी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में नए एसपी के आगमन के बाद एक बार फिर से कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए बदमाशों ने दिनदहाड़े एक बुजुर्ग महिला से सोने की चेन छीन ली। घटना बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे सुखेर थाना क्षेत्र में सेलिब्रेशन मॉल के सामने हुई। अब देखना यह होगा कि नई महिला एसपी के कार्यकाल में बजुर्ग महिला के साथ हुई वारदात के आरोपियों को कितनी जल्दी पकड़ा जा सकेगा। जानकारी के अनुसार 75 वर्षीय रूप कंवर, जो हैंडीक्राफ्ट व्यवसायी राकेश जैन की मां हैं, भुवाणा स्थित शांतिनाथ जैन मंदिर में दर्शन कर पैदल अपने घर लौट रही थीं। घर से करीब 100 मीटर पहले ही बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें निशाना बना लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक बदमाश पहले से महिला का पीछा कर रहा था। मौका मिलते ही उसने गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन पकड़ ली। महिला ने साहस दिखाते हुए बदमाश को पकड़ लिया, लेकिन आरोपी ने उन्हें जोर से धक्का देकर सड़क के डिवाइडर पर गिरा दिया और चेन छीनकर भाग निकला। कुछ ही दूरी पर उसका दूसरा साथी बाइक स्टार्ट कर खड़ा था। दोनों आरोपी बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पूरी वारदात कैद हुई है। घटना के दौरान सड़क पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने तत्काल हस्तक्षेप नहीं किया। पास के दुकानदार देवीलाल डांगी ने बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन दौड़ते समय वह गिर गए। थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही बदमाशों को पकड़ने का दावा किया गया है।


# उदयपुर में वायरल का प्रकोप, अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतारें



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। झीलों की नगरी उदयपुर में इन दिनों बदलते मौसम ने लोगों की सेहत पर सीधा असर डाला है। तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव के चलते मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है, जिससे शहर के अस्पतालों और क्लिनिकों में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। शहर के प्रमुख अस्पताल महाराणा भूपाल चिकित्सालय से लेकर जिला अस्पताल और निजी क्लिनिकों तक सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। मरीज मुख्य रूप से तेज बुखार, बदन दर्द, सर्दी, खांसी और जुकाम जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार, ओपीडी में मरीजों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में लगभग दोगुनी हो गई है। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में अचानक बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे वायरल संक्रमण तेजी से फैलता है। ऐसे में बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय डॉक्टरों ने लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। साफ-सफाई बनाए रखने, मच्छरों को पनपने से रोकने और शुद्ध या उबला हुआ पानी पीने की सलाह दी गई है। साथ ही खान-पान में लापरवाही न बरतने और संतुलित आहार लेने पर जोर दिया गया है। विशेषज्ञों ने सख्त चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार के लक्षण दिखने पर खुद से दवा लेने के बजाय तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें, ताकि बीमारी को गंभीर होने से रोका जा सके।

# पश्चिमी विक्षोभ का प्रहारः बारिश बनी आफत, करंट हादसे में दो की मौत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। प्रदेश में सक्रिय हुए नए मौसम सिस्टम ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी कई जिलों को बारिश की चपेट में रखा। बीकानेर, जालोर, श्रीगंगानगर, बाड़मेर, जैसलमेर और जयपुर सहित अनेक इलाकों में रुक-रुककर बरसात दर्ज की गई, जबकि कई स्थानों पर तेज हवाओं ने ठंडक बढ़ा दी। उदयपुर में भी आज सुबह से मौसम हवाओं वाला बना हुआ है। शहर के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई तो कहीं-कहीं बूंदाबांदी का दौर चला। दोपहर तक केवल एक-दो बार ही सूर्य के दर्शन हुए हैं। वहीं पूरे राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम ने अचानक करवट ली है और बेमौसम बारिश, तेज हवाओं और हादसों ने हालात को चिंताजनक बना दिया है।

इस बदले मौसम का सबसे दर्दनाक असर जैसलमेर में देखने को मिला, जहां बारिश के दौरान टूटी हाईटेंशन लाइन ने दो युवकों की जान ले ली। सागड़ थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में सड़क पर गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से बाइक सवार चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी सुबह सामने आने के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। इधर, बेमौसम बारिश किसानों पर भी भारी पड़ रही है। बाड़मेर और जैसलमेर में जीरा और ईसबगोल की खड़ी और कटी फसलें खराब हो गई हैं। कई इलाकों में खेतों में पड़ी फसलें भीगकर खराब हो चुकी हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। कृषि विभाग अब नुकसान का आकलन कर रहा है। मौसम के इस बदलाव से तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। कई शहरों में दिन का पारा सामान्य से 7 से 9 डिग्री तक नीचे चला गया है, जिससे मार्च में ही सर्दी जैसा अहसास होने लगा है। श्रीगंगानगर में सुबह तेज बारिश के साथ ठंडी हवाएं चलीं, जबकि सीकर के श्रीमाधोपुर में करीब आधे घंटे तक बूंदाबांदी हुई। भीलवाड़ा में बादलों की घेराबंदी के बीच तेज हवाएं चलीं और हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि यह सिस्टम 20 मार्च तक सक्रिय रहेगा। इस दौरान कई हिस्सों में मध्यम से तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है। बुधवार को भी प्रदेश के कई जिलों में ओले गिरे थे और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली थीं।





# दाऊदी बोहरा समुदाय ने मनाई ईद-उल-फितर, नमाज के बाद अमन-चैन की दुआ



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। दाऊदी बोहरा समुदाय ने गुरुवार को ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया। शहर के बोहरा बाहुल्य क्षेत्रों—बोहरवाड़ी, खारोल कॉलोनी, फतहपुरा, नीमच खेड़ा, चमनपुरा और खांजीपीर में सुबह से ही ईद की रौनक देखने को मिली। इस अवसर पर मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई। जमात के प्रवक्ता मंसूर अली ओडावाला ने बताया कि सुबह 7 बजे रसूलपुरा, वजीहपुरा, मोइयदपुरा, चमनपुरा, खारोल कॉलोनी, पुला और खानपुरा में ईद-उल-फितर की नमाज अदा कर देश में अमन, चैन और शांति की दुआ की गई। जमात के सचिव फिरोज हुसैन टीनवाला ने जानकारी दी कि वजीहपुरा में जनाब मुदस्सर अली ज़रीवाला, रसूलपुरा में आकिब अली, खारोल कॉलोनी में मुल्ला हाजी सज्जाद हुसैन, चमनपुरा में हाजी शब्बीर हुसैन, खानपुरा में हाजी अनीस हीतावाला तथा पुला में हाजी हातिम अली चाचूलिया ने नमाज अदा करवाई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और सेवइयों से मुंह मीठा कराया। पूरे समुदाय में उत्साह और भाईचारे का माहौल देखने को मिला।

# देवास परियोजना से पिछोला–फतहसागर में भरेगा पानी, 20 मार्च से जल अपवर्तन शुरू



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 19 मार्च। बढ़ती गर्मी और पेयजल की बढ़ती मांग को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 20 मार्च को देवास परियोजना से शहर की प्रमुख झीलों पिछोला झील और फतहसागर झील में पानी का अपवर्तन करने का निर्णय लिया है। अधिशासी अभियंता, जल संसाधन विभाग के अनुसार प्रशासन के निर्देश पर 17 मार्च 2026 को जल संसाधन विभाग और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बीच समन्वय बैठक आयोजित की गई थी। इसमें तय किया गया कि देवास प्रथम एवं द्वितीय परियोजना के आकोदड़ा और मांडली बांधों में उपलब्ध जल को शहर की झीलों में छोड़ा जाएगा, ताकि गर्मी के मौसम में संभावित पेयजल संकट से राहत मिल सके।

विभाग ने बताया कि 20 मार्च से जल अपवर्तन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और इसके लिए तकनीकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

इस दौरान प्रशासन ने आमजन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। खासतौर पर सीसारमा नदी और नांदेश्वर क्षेत्र में जल प्रवाह के दौरान लोगों को नदी-नालों से दूर रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह दी गई है, ताकि किसी प्रकार की जन-धन हानि से बचा जा सके।

# मुख्य सचिव शुक्रवार को आएंगे

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 19 मार्च। राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव श्री वी.श्रीनिवास शुक्रवार एवं शनिवार को उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि मुख्य सचिव शुक्रवार शाम 6 बजे नाथद्वारा से उदयपुर पहुंचेंगे। उनका रात्रि विश्राम सर्किट हाउस उदयपुर में रहेगा। अगले दिन शनिवार को प्रातः 8 बजे रविन्द्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज का दौरा करेंगे और फैकल्टी सदस्यों के साथ संवाद करेंगे। प्रातः 9 बजे मुख्य सचिव आरएसएमएमएल ऑफिस पहुंच कर निरीक्षण करेंगे। इसके बाद 11 बजे आईआईएम उदयपुर पहुंचकर फैकल्टी के साथ संवाद करेंगे तथा संस्थान की गतिविधियों की जानकारी लेंगे। मुख्य सचिव 2 बजे उदयपुर से निम्बाहेडा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# डॉ. अश्विन बने पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 19 मार्च। डॉ. अश्विन महेश दलवी ने गुरूवार को तीन वर्ष के लिए पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक का पदभार ग्रहण किया। वे पूर्व में ललित कला अकादमी, राजस्थान के अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके है। इटावा घराने के सुरबहार वादक और पंडित अरविन्द पारिख के शिष्य डॉ. दलवी ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित मंचों पर अपने प्रदर्शन से विशिष्ट पहचान बनाई है। वे दिवंगत प्रसिद्ध कला गुरु श्री महेश दलवी के पुत्र हैं। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के निदेशक फुरक़ान खान जिनके पास पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक का अतिरिक्त पदभार था, ने आज डॉ. अश्विन दलवी का कार्यालय में स्वागत किया और उन्हें पदभार सौंपा। इस अवसर पर केन्द्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। डॉ. दलवी के नेतृत्व में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के तहत राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा और दमण-दीव व दादरा नगर हवेली की सांस्कृतिक गतिविधियों का दायित्व है।

# सरकारी आंकड़ों में राजस्थान में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख पार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दिवस के अवसर पर बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि राज्य में पहली बार प्रति व्यक्ति आय 2 लाख रुपए से अधिक हो गई है। उन्होंने इसे सरकार की योजनाओं और विकास प्रयासों का परिणाम बताते हुए कहा कि अब लक्ष्य “विकसित राजस्थान 2047” का है, जिसे जनभागीदारी से हासिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ‘मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान’ का शुभारंभ किया। उन्होंने अभियान की वेबसाइट और वीडियो का लोकार्पण करते हुए कहा कि यह पहल विकास को जनआंदोलन का रूप देने का प्रयास है, जिसमें हर गांव और शहरी वार्ड का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय वार्डों के लिए स्थानीय जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुरूप मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। इसमें आधारभूत ढांचे के साथ रोजगार सृजन, स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक कौशल को बढ़ावा देने पर विशेष जोर रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गांवों में कृषि आधारित उद्योग, प्रोसेसिंग यूनिट, मंडी और वैल्यू एडिशन को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा और शहरों की ओर पलायन रुकेगा। अभियान 19 मार्च से 15 मई तक चलेगा। 20 मार्च को सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाएं और शहरी क्षेत्रों में वार्ड सभाएं आयोजित कर लोगों को अभियान की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से मास्टर प्लान तैयार कर उन्हें लागू किया जाएगा। प्रत्येक गांव की सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल तैयार की जाएगी, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और रोजगार जैसे सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा। जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे गांव-गांव जाकर किसानों, युवाओं और महिलाओं से संवाद कर सुझाव लें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के “विकसित भारत 2047” के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि उसी दिशा में राजस्थान सरकार “विकसित राजस्थान 2047” का रोडमैप तैयार कर रही है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि यह अभियान राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इसमें तैयार होने वाले मास्टर प्लान को 2030, 2035 और 2047 के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए डायनामिक बनाया जाएगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि विभिन्न जिलों से भी वर्चुअल माध्यम से भागीदारी रही।

# बिना OTP नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर, 1300 गैस एजेंसियों पर लगेंगे पोस्टर-बैनर



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 19 मार्च। सुमित गोदारा ने प्रदेश में एलपीजी आपूर्ति को लेकर गुरुवार को सचिवालय में अहम बैठक लेते हुए बड़ा फैसला किया है। अब बिना ओटीपी सत्यापन और डायरी में एंट्री के घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी नहीं की जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि कुछ एजेंसियों में फर्जी बुकिंग और गैस सिलेंडर के डाइवर्जन की शिकायतें सामने आई थीं, जिससे आम उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही थी। ऐसे में अब सख्ती बढ़ाते हुए ओटीपी और रजिस्टर एंट्री को अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में बुकिंग के 3 से 4 दिन के भीतर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर मिल रहा है। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि प्रदेश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, अन्नपूर्णा रसोइयों और धार्मिक स्थलों को भी निर्बाध गैस आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में करीब 1300 गैस एजेंसियों के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है। मंत्री ने गैस कंपनियों को निर्देश दिए कि वे ओटीपी और डायरी एंट्री की अनिवार्यता को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं और सभी एजेंसियों पर पोस्टर-बैनर लगाएं। साथ ही उन्होंने निगरानी तंत्र को मजबूत करने के निर्देश देते हुए कहा कि गैस कंपनियों के फील्ड ऑफिसर रोजाना कम से कम एक एजेंसी का औचक निरीक्षण करें और जियो-टैगिंग के साथ रिपोर्ट विभाग को भेजें। दूरदराज क्षेत्रों की एजेंसियों पर विशेष फोकस रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। अम्बरीष कुमार (शासन सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग) ने बताया कि प्रदेश में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पर्याप्त है और लगातार मॉनिटरिंग कर आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जा रहा है। बैठक में गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी भरोसा दिलाया कि प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस सिलेंडर मिल रहे हैं और अब बुकिंग का दबाव भी कम हुआ है, जिससे सिस्टम और सर्वर सुचारू रूप से काम कर रहे हैं।

# पंच गौरव तैराकी शिविरः छठे दिन बैक स्ट्रोक तकनीक और बॉडी बैलेंस पर फोकस



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में राजस्थान सरकार की पंच गौरव योजना के तहत चल रहे 15 दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन प्रतिभागियों को बैक स्ट्रोक तकनीक और शरीर के संतुलन (बॉडी बैलेंस) पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल ने बताया कि शिविर में खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ और महामंत्री पंकज बोराणा ने महाराणा प्रताप खेलगांव तरणताल पहुंचकर खिलाड़ियों से मुलाकात की और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत ड्राईलैंड अभ्यास से हुई, जिसमें खिलाड़ियों को बैक स्ट्रोक के आर्म मूवमेंट की सही तकनीक समझाई गई। इसके बाद पानी में अभ्यास के दौरान बैक किक, आर्म मूवमेंट और 25 मीटर स्प्रिंट तैराकी का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों लक्ष्मण बरांडा, लालूराम, अविनाश मीणा, लाल शंकर मीणा, संजय खैर, सूर्या खोखरिया और अनिता तावड़ ने खिलाड़ियों को नियमित रूप से तैयार कर तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। इस दौरान बॉडी अलाइनमेंट, फ्लोटिंग संतुलन और स्ट्रोक समन्वय पर विशेष ध्यान देते हुए खिलाड़ियों की गलतियों का सूक्ष्म विश्लेषण कर सुधारात्मक निर्देश दिए गए। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि बैक स्ट्रोक में संतुलन और लय का विशेष महत्व होता है, जिसे नियमित अभ्यास और सही तकनीक से ही हासिल किया जा सकता है। शिविर में प्रतिभागी खिलाड़ियों में लगातार सुधार के साथ उत्साह और अनुशासन भी देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि पंच गौरव कार्यक्रम के तहत जिले में तैराकी खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस तरह के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा सके।

# जोधपुर दौरे पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े की तबीयत बिगड़ी, सर्किट हाउस में किया आराम



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। हरिभाऊ बागड़े आज जोधपुर दौरे पर अचानक अस्वस्थ हो गए। एमबीएम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होकर लौटते समय उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें सर्किट हाउस ले जाया गया। जानकारी के अनुसार राज्यपाल सुबह करीब 11 बजे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोपहर करीब 1 बजे वे सर्किट हाउस के लिए रवाना हुए। इसी दौरान रास्ते में उन्हें जी मिचलाने और उल्टी जैसा महसूस हुआ। सर्किट हाउस पहुंचने पर डॉक्टरों की टीम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें आराम की सलाह दी। फिलहाल राज्यपाल सर्किट हाउस में आराम कर रहे हैं और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। राज्यपाल को शाम को राजस्थान दिवस समारोह में भी शामिल होना है, हालांकि स्वास्थ्य को देखते हुए कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर अंतिम निर्णय बाद में लिया जाएगा। इधर, सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, डीसीपी ईस्ट मनीष चौधरी, एसीपी ईस्ट प्रतीक सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी सर्किट हाउस पहुंच गए और स्थिति की जानकारी ली।

# उदयपुर में जैन सोशल ग्रुप ‘विजय’– ‘संगिनी विजय’ का होली स्नेह मिलन, ‘नारी गौरव’ से सम्मानित हुईं प्रतिभाएं




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में जैन सोशल ग्रुप ‘विजय’ एवं जैन सोशल ग्रुप ‘संगिनी विजय’ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के बीच हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में फागुन की मस्ती, पारंपरिक उल्लास और सामाजिक एकता का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में जेएसजी विजय की अध्यक्षा पिंकी मांडावत और जेएसजी संगिनी विजय की अध्यक्षा प्रियंका तलेसरा ने सभी सदस्यों का आत्मीय स्वागत किया। मुख्य संयोजक अरविंद बडाला, संस्थापक अध्यक्ष अनिल नाहर एवं संगिनी की संस्थापक अध्यक्षा मधु खमेसरा की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। समारोह के दौरान ‘नारी गौरव सम्मान’ से समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पिंकी मांडावत, इन्द्रा चोरड़िया और मीना छाजेड़ को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। होली के रंग में रंगे इस आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। रंजना छाजेड़, निर्मला कोठारी, वेलिका जैन और लतिका जैन ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं भावना सहलोत, संजीता, ट्विंकल, मीना लोढ़ा, रेखा चोरड़िया, ज्योति बोहरा, पूजा बम्ब, अमिता पोरवाल, रानी मेहता और मधु जैन ने भी अपने प्रदर्शन से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का संचालन रचिता मोगरा ने किया। आयोजन की व्यवस्थाओं में पंकज सियाल, कैलाश मेहता, सुनील बापना और निर्मला बडाला का विशेष सहयोग रहा।

# 23 हजार दीपकों से सजेगा ‘चांद’, भगवान झूलेलाल की 600 स्क्वायर फीट भव्य झांकी बनेगी आकर्षण का केंद्र



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में सिंधी समाज के प्रमुख पर्व चेटीचंड की तैयारियां अपने चरम पर हैं। इस बार शहर एक ऐसे अद्भुत और विहंगम दृश्य का साक्षी बनने जा रहा है, जो आस्था, कला और सामूहिक भागीदारी का अनूठा उदाहरण होगा। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में तीन बार नाम दर्ज करा चुका अपना संगठन इस वर्ष 23,000 दीपकों से सजी ऐतिहासिक झांकी के जरिए नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। संगठन अध्यक्ष सुरेंद्र अरोड़ा ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से संगठन चेटीचंड पर कुछ अलग और आकर्षक प्रस्तुत करता आया है। इस बार करीब 600 स्क्वायर फीट क्षेत्रफल में भगवान श्री झूलेलाल साईं के ‘वरुण अवतार’ की मनमोहक झांकी तैयार की जा रही है। झांकी की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि भगवान झूलेलाल झिलमिलाते तारों के बीच ‘चांद’ पर विराजित दिखाई देंगे, जो स्वर्गीय आभा का अनुभव कराएगा। इस भव्य झांकी को तैयार करने में केवल संगठन के सदस्य ही नहीं, बल्कि उनके परिवार—बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग—भी पूरी तन्मयता से जुटे हुए हैं। कुल 23,000 मिट्टी के दीपकों को साफ कर उन्हें रंग-बिरंगे रूप में सजाया जा रहा है। कोई ब्रश से रंग भर रहा है तो कोई भगवान के मुकुट, चंद्रमा और वेशभूषा को आकर्षक बनाने में योगदान दे रहा है। यह सामूहिक श्रमदान आयोजन को एक सामाजिक उत्सव का रूप दे रहा है।

संगठन के प्रवक्ता वीरेंद्र खबरानी ने शहरवासियों को इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनने का आमंत्रण देते हुए बताया कि यह आयोजन 20 मार्च (शुक्रवार) को शक्तिनगर स्थित सनातन धर्म मंदिर में शाम 7:30 बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक आयोजित होगा। चेटीचंड के इस पर्व पर आस्था, पारिवारिक स्नेह और आधुनिक कला का यह अनूठा संगम न केवल सिंधी समाज बल्कि पूरे शहर के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा और उदयपुर की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई देगा।

# न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शुक्रवार को उदयपुर आएंगे

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 19 मार्च। सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीश जस्टिस मनोज मिश्रा दो दिवसीय उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। वे शुक्रवार को सायं 7:15 बजे वायुयान द्वारा दिल्ली से उदयपुर पहुंचेंगे। न्यायमूर्ति मिश्रा शनिवार को 10:45 बजे राजसमन्द पहुंचकर श्रीनाथ जी मन्दिर में दर्शन करेंगे पश्चात पुनः उदयपुर पहुंचेंगे। वे अपरान्ह 3:55 बजे उदयपुर से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# खेरवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अवैध देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डॉ. अमृता दुहन (जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल और वृताधिकारी राजीव राडर (वृत ऋषभदेव) के सुपरविजन में की गई। थानाधिकारी करनाराम जाट के नेतृत्व में टीम ने आसूचना के आधार पर मौजा मौथली में ओवरब्रिज के पास दबिश दी, जहां एक युवक के कब्जे से अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी इस हथियार को बेचने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 83/2026 में आर्म्स एक्ट की धारा 03/25 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेन्द्र सिंह (निवासी सिलावट, थाना राजाखेड़ा, जिला धौलपुर) के रूप में हुई है। कार्रवाई में टीम के सदस्य राकेश मेहता, दानवीर, हर्षित, मनिन्दर और दिग्विजय सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई। पुलिस अवैध हथियारों के नेटवर्क को लेकर आगे भी जांच कर रही है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की चेटीचंड पर शुभकामनाएं



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेटीचंड (20 मार्च) के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व आस्था, विश्वास और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वरूण अवतार भगवान श्री झूलेलाल ने त्याग, समर्पण और अहिंसा जैसे मानवीय मूल्यों की स्थापना कर समाज को उन्नति की राह दिखाई। श्री शर्मा ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे भगवान झूलेलाल के आदर्शों एवं शिक्षाओं को जीवन में अपनाएं और प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें।

# नागौर पुलिस की बड़ी सफलताः 34 लाख की डिजिटल अरेस्ट ठगी का पर्दाफाश, दिल्ली से 4 शातिर गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

जयपुर 19 मार्च। नागौर जिले में साइबर ठगों के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। जिले के गोटन निवासी एक व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर 34 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में नागौर साइबर थाना पुलिस ने दिल्ली में दबिश देकर चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

नागौर एसपी रोशन मीणा ने बताया कि गोटन निवासी जस्साराम को ठगों ने फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर कॉल किया और उन्हें किसी गंभीर मामले में फंसाने का डर दिखाकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया। डरे हुए प्रार्थी से आरोपियों ने जाली दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड दिखाकर धमकाया, जिसके बाद जस्सा राम ने घबराहट में 34 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए।

मामला दर्ज होते ही एसपी मीणा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवेन्द्र सिंह महेला के सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। साइबर थानाधिकारी डीएसपी धरम पूनिया के नेतृत्व में टीम ने दिल्ली में छापे मार कर इमरान, विवेक कुमार, सलमान और योगेन्द्र नाम के चार आरोपियों को दिल्ली के उत्तर-पूर्वी इलाकों से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com

# उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अब प्राइवेट बीमा पर कैशलेस इलाज की तैयारी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। आरएनटी मेडिकल कॉलेज से अटैच अस्पताल में जल्द ही प्राइवेट मेडिकल इंश्योरेंस धारकों को भी कैशलेस इलाज की सुविधा मिलने जा रही है। मेडिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट के निर्देशों के बाद अस्पताल प्रबंधन ने बीमा कंपनियों से समन्वय की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे उदयपुर सहित आसपास के जिलों और अन्य राज्यों से आने वाले मरीजों को बड़ा फायदा मिलेगा। राज्य के छह बड़े मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक व्यापक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। विभाग ने आरएनटी मेडिकल कॉलेज सहित प्रमुख मेडिकल कॉलेजों को निर्देश दिए हैं कि वे प्राइवेट बीमा कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर कैशलेस इलाज की सुविधा शुरू करें। अब तक सरकारी अस्पतालों में केवल राज्य सरकार की योजनाओं—आरजीएचएस और मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत ही मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध थी। लेकिन नए निर्देशों के बाद निजी बीमा कराने वाले मरीजों को भी सरकारी अस्पतालों में बिना नकद भुगतान के इलाज मिल सकेगा। फैसले का सबसे बड़ा लाभ उदयपुर जैसे चिकित्सा हब को मिलेगा, जहां महाराणा भूपाल चिकित्सालय सहित बड़े अस्पतालों में राजस्थान के साथ-साथ गुजरात, मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। वर्तमान में बाहरी राज्यों से आने वाले मरीजों को सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए नकद भुगतान करना पड़ता है, लेकिन कैशलेस सुविधा शुरू होने के बाद यह परेशानी खत्म हो जाएगी। अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि वे बीमा कंपनियों से तालमेल बैठाकर प्रक्रिया को जल्द लागू करें, ताकि मरीजों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। स्वास्थ्य क्षेत्र में यह पहल सरकारी अस्पतालों की सेवाओं को और अधिक समावेशी बनाएगी और आमजन के साथ-साथ बाहरी राज्यों के मरीजों के लिए भी राहत लेकर आएगी।

# सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में घटिया प्रिंट पर फूटा छात्र आक्रोश, ABVP का घेराव



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सुखाड़िया यूनिवर्सिटी एक बार फिर अपनी प्रशासनिक लापरवाही को लेकर विवादों में घिर गई है। गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के कार्यकर्ताओं ने कुलपति सचिवालय में जोरदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। छात्रों के अनुसार 18 मार्च को आयोजित लॉ तृतीय वर्ष की परीक्षा का प्रश्नपत्र इतना खराब प्रिंट हुआ कि कई सवाल पढ़ना तक मुश्किल हो गया। कहीं अक्षर पूरी तरह मिटे हुए थे तो कहीं शब्द इतने धुंधले कि समझ ही नहीं आए। परीक्षा हॉल में बैठे छात्र उत्तर लिखने के बजाय सवालों को समझने में ही उलझे रहे। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कुलपति कार्यालय तक पहुंच गए और कार्यवाहक कुलपति बीपी सारस्वत का घेराव किया। छात्रों ने साफ कहा कि इतनी बड़ी लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। यूनिवर्सिटी इकाई सचिव त्रिभुवन सिंह राठौड़ ने मांग उठाई कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। उनका कहना था कि परीक्षा जैसे संवेदनशील काम में इस स्तर की लापरवाही सीधे छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। महानगर मंत्री कोमल वैष्णव ने भी प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रश्नपत्र की गुणवत्ता बेहद खराब थी। सवालों की भाषा और प्रस्तुति इतनी उलझी हुई थी कि छात्रों का आत्मविश्वास तक प्रभावित हुआ। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के इस सबसे बड़े शिक्षा केंद्र में दूर-दराज से छात्र उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन ऐसी घटनाएं उनके सपनों पर पानी फेर रही हैं। एबीवीपी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई और व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में युवराज सिंह कमेरी, प्रवीण टाक, गौतम बंधु, कृष्णा जाखड़, हर्ष राजपुरोहित, विकास चौधरी, चिराग दायमा, चिराग दरवर, वीरेंद्र मेघवाल, पीयूष सिंह झाला, कुलदीप सिंह, चिराग तिवारी, भानु प्रताप, यश शाहू, करण रैगर, हेमेंद्र सिंह, मोहित सिंह और धीरज डांगी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डूंगरपुर में दर्दनाक हादसा: ट्रेन से गिरकर घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। डूंगरपुर में उदयपुर-असारवा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हुए एक बुजुर्ग यात्री की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में सामने आई है, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार सेमारी निवासी शांतिलाल अपने भांजे रामदेव के साथ उदयपुर-असारवा एक्सप्रेस से अहमदाबाद जा रहे थे। सेमारी स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय दोनों अलग-अलग कोच में सवार हो गए थे। बताया जा रहा है कि बिछीवाड़ा रेलवे स्टेशन से ट्रेन के रवाना होते समय अचानक शांतिलाल संतुलन खो बैठे और ट्रेन के नीचे गिर गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों और उनके भांजे ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और एम्बुलेंस की सहायता से नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उन्हें डूंगरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी थाना डूंगरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

# न्यायालय परिसर में हिन्दू नववर्ष का उल्लास: अधिवक्ता परिषद् ने तिलक व प्रसाद से दी शुभकामनाएं



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 19 मार्च। अधिवक्ता परिषद् इकाई-उदयपुर द्वारा हिन्दू नववर्ष एवं नवसंवत्सर (विक्रम संवत 2083) के पावन अवसर पर न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार पर पारंपरिक तरीके से कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व अधिवक्ताओं को मंगलकामनाएं प्रेषित की गईं। इस अवसर पर परिषद् सदस्यों ने सभी को तिलक लगाकर नवकोपल एवं प्रसाद वितरित किया और भारतीय सनातन संस्कृति, परंपरा और नवचेतना के प्रतीक इस पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि हिन्दू नववर्ष सृष्टि के नव आरंभ, धर्म, सत्य और गौरवशाली संस्कारों की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। परिषद् अध्यक्ष मनीष शर्मा ने कहा कि हिन्दू नववर्ष केवल कैलेंडर परिवर्तन नहीं, बल्कि हमारी काल गणना, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रबोध को सुदृढ़ करने वाला महत्वपूर्ण दिवस है। यह प्रकृति के उल्लास, ऋतु परिवर्तन और नई उमंग का संदेश देता है। उन्होंने सभी से नए वर्ष में राष्ट्र को समृद्ध व सुसंस्कृत बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। महामंत्री डॉ. विष्णु शंकर पालीवाल ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नवसंवत्सर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशियां लेकर आए। उन्होंने इसे सृष्टि के आरंभ और सम्राट विक्रमादित्य के राज्याभिषेक से जुड़ा महत्वपूर्ण दिन बताते हुए नई शुरुआत, सकारात्मकता, संस्कृति संरक्षण और राष्ट्रभक्ति की भावना को अपनाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा तथा अतिरिक्त जिला कलेक्टर जितेन्द्र ओझा को भी तिलक लगाकर एवं प्रसाद वितरित कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेन्द्र जैन, महासचिव लोकेश गुर्जर, उपाध्यक्ष महेन्द्र मेनारिया, सचिव आशीष कोठारी, चक्रवर्ती सिंह राव, भूपेन्द्र सिंह चुण्डावत, गणेश लाल तेली सहित अधिवक्ता परिषद् के दिनेश गुप्ता, ऋत्तु सारस्वत, प्रीति बापना, नेहा जैन, अर्चना नेणावा, राजेश वसीटा, भारत कुमावत, सुनील कल्याणा, नवीन मेनारिया, पूनमचन्द मीणा, सत्येन्द्र सिंह सांखला, महेन्द्र ओझा, ललित सेन, मनीष खण्डेलवाल, मनीष कुमावत सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# शेयर अ स्माइल में 10 हजार से अधिक वस्त्रों का वितरण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए अर्बन स्क्वायर मॉल द्वारा चलाया गया 'शेयर अ स्माइल' डोनेशन ड्राइव एक प्रेरणादायक अभियान बनकर सामने आया है। करीब दो महीने तक चले इस अभियान को शहरवासियों का जबरदस्त समर्थन मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने जरूरतमंदों के लिए कपड़े दान किए। अभियान के दौरान 10 हजार से अधिक कपड़े एकत्रित किए गए। मॉल प्रबंधन ने इस पहल को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करते हुए यह सुनिश्चित किया कि दान में मिले कपड़े वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंचें। अभियान के तहत एकत्रित कपड़ों का वितरण उदयपुर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के बीच किया गया। इस कार्य में मॉल की टीम के साथ-साथ रिटेलर्स और स्टोर मैनेजर्स ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और खुद मौके पर जाकर वितरण किया। अभियान को सफल बनाने में मन्नत एनजीओ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। एनजीओ के सहयोग से वितरण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया गया, जिससे सहायता सही लोगों तक समय पर पहुंच सकी। नंदिनी तनेजा, सीईओ, भूमिका एंटरप्राइजेज ने कहा कि 'शेयर अ स्माइल' का उद्देश्य केवल कपड़े एकत्र करना नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना भी है। इस पहल के जरिए जहां जरूरतमंदों को राहत मिली, वहीं शहरवासियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत हुई।

# कालका माता मंदिर में घट स्थापना: नौ कन्याओं के पूजन के साथ नवरात्रि का शुभारंभ, दिनभर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 19 मार्च। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर कालका माता मंदिर (गणेश नगर) में गुरुवार को अभिजीत मुहूर्त में विधि-विधान के साथ घट स्थापना की गई। इस दौरान नौ कन्याओं का पूजन कर माता रानी की आराधना की गई। मंदिर पुजारी देवेन्द्र सिंह गोड़ ने बताया कि पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। नवरात्रि के पहले दिन से ही मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और माता के जयकारों से पूरा परिसर गूंजता रहा। भक्तजन माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते नजर आए।मंदिर प्रशासन के अनुसार नौ दिनों तक माता जी का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 9 बजे और सायं 7 बजे विशेष आरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके साथ ही मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए अलग-अलग प्रकार के प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके और वे भक्ति भाव के साथ नवरात्रि का आनंद ले सकें।

# चैत्र नवरात्रि : घट स्थापना के साथ गूंजे जयकारे, उदयपुर के मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। घट स्थापना के साथ ही आज चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष का शुभारंभ हो गया है। देशभर की तरह उदयपुर में भी सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। माता के जयकारों और भक्तिमय माहौल के बीच शहर के प्रमुख शक्तिपीठों में विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन घट स्थापना कर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का शुभारंभ होता है। भक्तगण व्रत रखकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। उदयपुर के आवरी माता मंदिर (रेती स्टैंड) में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। मंदिर परिसर में माता के भजनों की गूंज और भक्तों की आस्था ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शहर के अन्य मंदिरों—अंबामाता, करणी माता, महालक्ष्मी मंदिरों सहित अन्य माताजी के मंदिरों में विशेष सजावट और पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया, वहीं माता रानी का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नवरात्रि के दौरान पूरे नौ दिन शहर में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला चलेगी। प्रशासन ने भी भीड़ को देखते हुए मंदिरों के बाहर सुरक्षा और यातायात की विशेष व्यवस्थाएं की हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# श्रीनाथ पालीवाल ब्राह्मण समाज का शपथ समारोह, सामाजिक सुधार के लिए संकल्प



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। श्रीनाथ पालीवाल ब्राह्मण समाज संस्थान (44 श्रेणी, कालका माता रोड) द्वारा होली मिलन समारोह के अवसर पर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजन, मातृशक्ति और युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी रही। समारोह संरक्षक मंडल के सदस्य मांगीलाल जोशी, राजेश्वर पुरोहित, भंवर जोशी, प्रेम शंकर पालीवाल, निरंजन पालीवाल एवं मोहन बागोरा के आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां गायत्री के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। समाजजनों ने सामूहिक रूप से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इनमें पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, कालका माता क्षेत्र में "उठावना प्रथा" को समाप्त करना, एक व्यक्ति द्वारा एक ही संस्था में दायित्व निभाने की अनिवार्यता तथा जरूरतमंद समाजजनों को तत्काल रक्त उपलब्ध कराने जैसे संकल्प शामिल रहे। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष हरीश कुमार बागोरा, उपाध्यक्ष ललित दवे, महासचिव जसवंत पालीवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. धीरज पालीवाल, संगठन मंत्री राकेश पालीवाल, संयुक्त सचिव सूर्यकांत पालीवाल, भोजन प्रभारी जय शंकर पालीवाल, सह सचिव चंद्र प्रकाश जोशी, सांस्कृतिक मंत्री रमेश पालीवाल, सह सांस्कृतिक मंत्री लतेश जोशी, कार्यालय मंत्री योगेश पालीवाल, प्रचार-प्रसार मंत्री राजेश पालीवाल, खेलकूद मंत्री दुर्गाशंकर पालीवाल तथा सह संगठन मंत्री मुकेश पालीवाल को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसके साथ ही मनीष बागोरा, प्रेम शंकर पालीवाल और ललित पालीवाल को सक्रिय सदस्य बनाया गया, जबकि युवा मंडल अध्यक्ष के रूप में जगदीश पालीवाल को मनोनीत किया गया। संचालन राकेश पालीवाल ने किया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन जसवंत पालीवाल ने दिया। समारोह के पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। गौरतलब है कि इस संस्थान का गठन 6 जुलाई 2009 को हुआ था और वर्तमान में इसे 17 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, इस दौरान संस्था लगातार सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

## विद्यापीठ के डॉ. भवानीपाल सिंह राठौड़ बने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड के सचिव डॉ. भवानीपाल सिंह राठौड़ को 26 से 29 मार्च तक आयोजित साउथ जोन खो-खो पुरुष प्रतियोगिता के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के तत्वावधान में देवनगरी विश्वविद्यालय, कर्नाटक में आयोजित होगी। डॉ. राठौड़ की इस नियुक्ति पर विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। कुलपति सहित वरिष्ठ अधिकारियों और खेल जगत से जुड़े व्यक्तियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। गौरतलब है कि डॉ. राठौड़ लंबे समय से खेल गतिविधियों के संचालन और प्रोत्साहन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।